# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–................ दिनांक .............

सेवा में,

**निदेशक,**
समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0,
3 प्राग नारायण रोड, लखनऊ।

**विषय–उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा संचालित नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की सूची के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि इस कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की सूची इस पत्र के साथ सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

उक्त के संबंध में आपसे अनुरोध है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग पोर्टल पर उक्त सूची में अंकित यदि कोई पाठ्यक्रम दर्ज नहीं है तो कृपया उसे पोर्टल पर सम्मिलित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि छात्र/छात्रा योजना से लाभान्वित होने से वंचित न रह सके।

संस्थान/प्रशिक्षण केन्द्र निम्नलिखित परिस्थितियों में दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी पैनल पर लॉक किया जाना सम्भव होता है।

1. सूची में अंकित पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों को मास्टर डाटा में लॉक करना।
2. उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के पैनल से भिन्न संस्था का नाम या उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से गैर सम्बद्ध पाठ्यक्रम समाज कल्याण विभाग के पैनल पर लॉक करना।
3. प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त कुल सीटों के सापेक्ष अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को सत्यापित करना।

उपरोक्त परिस्थितियों में फीस/सीट लॉक न होने की दशा में प्रशिक्षण संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव

पत्रांक संख्या– 9578(1)/25 दिनांक –24/11/25

**प्रतिलिपि**–प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।